के आरोप में गिरफ्तार उत्तराखंड क्रांति दल के नेता आशीष नेगी और आशुतोष नेगी को जमानत दे दी है। वहीं, राजपुर थाने में दर्ज अन्य एक मुकदमे में आशीष नेगी को पूर्व में ही जमानत मिल चुकी है, जबकि आशुतोष नेगी की जमानत के लिए कोर्ट में प्रार्थनापत्र दाखिल किया गया है। ऐसे में आशुतोष नेगी को अभी जेल में ही रहना होगा।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता आलोक घिल्डियाल ने आशीष नेगी व आशुतोष नेगी के पक्ष में जमानत प्रार्थनापत्र दाखिल की थी। कहा था कि पुलिस ने दोनों को झूठा फंसाया है। आशीष नेगी व आशुतोष नेगी सामाजिक कार्यकर्ता हैं और वर्तमान में उक्रांद के नेता हैं। बचाव पक्ष ने आरोप लगाया कि राजनैतिक दबाव के कारण पुलिस ने दोनों के विरुद्ध झूठा मुकदमा दर्ज किया है। दोनों उत्तराखंड राज्य के स्थायी निवासी हैं और उनके फरार होने का कोई अंदेशा नहीं है। जमानत मिलने पर वह शर्तों का पालन करेंगे। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अरविंद कपिल ने जमानत प्रार्थनापत्र का विरोध करते हुए तर्क दिया कि आरोपितों ने छह-सात व्यक्तियों के साथ मिलकर 26 फरवरी को रेस्टोरेंट नालापानी चौक रायपुर में घुसकर रेस्टोरेंट के मालिक दीपक गुप्ता, मैनेजर आशीष शर्मा व स्टाफ को धमकी देते हुए जान का भय दिखाकर उगाही की है। (जासं)



उत्तराखंड क्रांति दल समेत विभिन्न संगठनों के मुख्यमंत्री आवास कूच के दौरान हाथीबड़कला पर बैरिकेडिंग के पास कार्यकर्ताओं की पुलिस से हुई धक्कामुक्की • जागरण

# सीएम आवास जाते उक्रांद कार्यकर्ता गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, देहरादूनः उत्तराखंड क्रांति दल के आशुतोष नेगी और आशीष नेगी के विरुद्ध द्वेषभाव से मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाते हुए उन्हें बिना शर्त रिहा करने की मांग की। साथ ही भ्रष्टाचार के विरोध में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री आवास कूच किया। हाथीबड़कला के पास कार्यकर्ताओं की पुलिस से धक्कामुक्की हुई। इस बीच एक महिला कार्यकर्ता बेहोश हो गई। कार्यकर्ता वहीं धरना देकर बैठ गए। बाद में केंद्रीय अध्यक्ष समेत 50 कार्यकर्ताओं को पुलिस गिरफ्तार कर एकता विहार स्थित धरना स्थल ले गई। बाद में उन्हें छोड़ दिया गया।

उत्तराखंड क्रांति दल के अलावा गौरव सेनानी एसोसिएशन, मूल निवास भू कानून संघर्ष समिति, आदि संगठनों के लोग परेड ग्राउंड में एकत्रित हुए। यहां से नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री आवास कूच किया। हाथीबड़कला स्थित शक्ति कालोनी के पास पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोका। इस दौरान दल के केंद्रीय अध्यक्ष पूरन सिंह कैंठेत, वरिष्ठ नेता सुरेंद्र कुकरेती, कार्यकारी अध्यक्ष एपी जुयाल ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते हुए प्रमुख मांग उठाई। इस मौके पर केंद्रीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश उपाध्याय, मूल निवास भू कानून संघर्ष समिति के संयोजक मोहित डिमरी, प्रमिला आदि मौजूद रहे।

### पहाड़ के स्वाभिमान के लिए समर्थन करेगा एसोसिएशन

गौरव सेनानी एसोसिएशन के अध्यक्ष महावीर राणा ने कहा कि एसोसिएशन किसी राजनीतिक पार्टी का समर्थन नहीं करता। लेकिन, जब बात पहाड़ के स्वाभिमान की हो और उत्तराखंड की अस्मिता की हो तो वह हर संगठन का साथ देंगे। पहाड़ के दो युवा, जिन्होंने कोई ऐसा गुनाह नहीं किया।

### जाम में स्कूली छात्र अभिभावक और आमजन परेशान

हाथीबड़कला के पास पुलिस ने बैरिकेड लगाकर कार्यकर्ताओं को रोक दिया। लेकिन दोपहर के वक्त केंद्रीय विद्यालय सर्वे आफ इंडिया-2 और ग्रेस एकेडमी की छुट्टी होने के बाद अभिभावक और छात्रों को आने-जाने में परेशानी हुई। काफी देर तक बैरिकेडिंग के पास खड़े होकर इंतजार करते रहे।

# इंजीनियर्स एसोसिएशन ने प्रबंधन को गिनाईं मांगें

- 29 सूत्रीय मांगों को लेकर यूजेवीएनएल प्रबंधन के साथ हुई वार्ता
- प्रबंधन ने एसोसिएशन को दिया मांगों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन

जागरण संवाददाता, देहरादूनः विद्युत डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन ने उत्तराखंड जल विद्युत निगम लिमिटेड प्रबंधन को 29 सूत्रीय मांगों से अवगत कराया। साथ ही शीघ्र कार्रवाई की मांग की, जिस पर प्रबंधन की ओर से उचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया गया। प्रबंधन के साथ हुई वार्ता को एसोसिएशन ने सौहार्दपूर्ण बताया।

मंगलवार को हुई द्विपक्षीय वार्ता में प्रबंधन की ओर से प्रबंध निदेशक डा. संदीप सिंघल, अधिशासी निदेशक मानव संसाधन आशीष जैन, महाप्रबंधक विमल कुमार, इसके अलावा जल विद्युत निगम परियोजनाओं के विभिन्न साइटों पर दुर्गम से सुगम स्थानांतरण व परिचालन पाली पूर्ण कर चुके अवर एवं सहायक अभियंताओं को सामान्य पाली में तैनात किए जाने,


## कार्यालय मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण देहरादून

पत्रांक :26/अभि0/नि0सू0/2025-26 दिनांक 08.04.2025

### ई-निविदा सूचना

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून द्वारा प्राधिकरण में पंजीकृत ठेकेदारो/ फर्मों जो आयकर, व्यापार कर/जी0एस0टी0 देहरादून में भी पंजीकृत हो, जो फर्म/ठेकेदार ए एव बी श्रेणी में पजीकृत हो कुल 01 विकास कार्य को करने हेतु टू-बिड सिस्टम (तकनीकी एवं वित्तीय) निविदा फार्म/ बिल ऑफ क्वान्टिटी के साथ संलग्नक मे अंकित विशिष्टियों हेतु ई-निविदा दिनांक 02.05.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक www.uktenders.gov.in की वैबसाईट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त ई निविदाओं को तकनीकी निविदा समिति/ अधिकृत प्राधिकारी द्वारा दिनांक 03.05.2025 को साय 2.00 बजे उपरान्त उपस्थित निविदादाताओं/ प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। तकनीकी निविदा में सफल निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी। यदि उक्त निविदा के संबंध मे किसी प्रकार के संशोधन आदि किये जाने की आवश्यकता होती है, तो उसकी सूचना उक्त वैबसाईट के माध्यम से दी जायेगी।

अधिशासी अभियन्ता
म0 दे0वि0 प्राधिकरण देहरादून

## कार्यालय-नगर निगम, हरिद्वार

पत्रांक 74 / सम्पति अनु0 / 2025-26 दिनांक 08-04-2025

### ई-निविदा सूचना

नगर निगम हरिद्वार द्वारा मंसादेवी रोपवे के संचालन हेतु ई-निविदा वेबसाइट www.uktenders.gov.in आमन्त्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नवत् है :-

| S.No | Scheduled/Information | Date | Time |
|---|---|---|---|